- 2019, Dr. Rachana Pandey, "Women, Writing and A Room of One's Own", In Essays on Classics. eds. Navleen Multani. Dept. of English, Rajiv Gandhi National University of Law, Punjab. Pp.103-109. ISBN: 978-93-84166-32-8.

- 2019, Dr. Rachana Pandey, "Literary Constructions of Nature: An Ecocritical Study of Christopher Marlowe's Doctor Faustus and Manjula Padmanabhan's Harvest", In Ecocritical Represenataion of Literature: An Indian Perspective. Ed. Samrat Bisai. Akhand Publishing House. pp. 30-40. ISBN. 978-81-939342-6-5.

## सहपाठ्यक्रम गतिविधियाँ

- 21 जून 2020 : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, मनोविज्ञान विभाग द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- 07 अप्रैल 2020 : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मनोविज्ञान विभाग द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जैसे कोरोना से बचाव के लिए सामाजिक दूरी और समग्र अच्छे स्वास्थ्य के लिए मास्क और फेस वॉश का उपयोग आदि।

- 6 मार्च 2020 : अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं पर हुए एसिड हमलों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी0एड0 एवं एम0एड0 की छात्राओं ने कविताएँ, पोस्टर बनाकर अपने अनुभव को साझा किया।

- संगीत विभाग की कई छात्राओं ने एक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरसंकाय युवा महोत्सव ''स्पंदन 2020'' में पुरस्कार प्राप्त किया जिसमें कु0 शुभांगी मिश्रा (तृतीय पुरस्कार), अर्क प्रिया वैश्नवी, वर्षा गुप्ता, प्रियंका गर्ग, नन्दीनी चौरसिया, श्रुति झा और नीधि (समूह गान, भारतीय) में तृतीय पुरस्कार और अर्क प्रिया वैश्नवी ने एकल गायन में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

- 5 मार्च 2020: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिटारा क्लब के सहयोग से ''भविष्य महिलाओं का है'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मॉय वॉयस, पोस्टर मेकिंग और स्लैम पोएट्री जैसे कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण थे। मनोविज्ञान विभाग द्वारा ''अभिव्यक्ति'' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

- 3–4 मार्च 2020: बी0एड0 के 12 छात्राओं की टीम ने एस0एस0 खन्ना महिला महाविद्यालय, इलाहाबाद द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय सांस्कृतिक और कला युवा महोत्सव ''मस्ती की पाठशाला'' में भाग लिया। छात्राओं ने एक्ट प्ले में द्वितीय पुरस्कार और ''कबाड़ से जुगाड़'' में तृतीय पुरस्कार जीता।

- 29 फरवरी 2020: ट्रैवल एंड टूरिज्म की छात्राओं ने ठाणे, महाराष्ट्र के उद्यमी श्री विशाल गोडके, के साथ औद्योगिक वार्तालाप कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही छात्राओं ने कला इतिहास विभाग, बी0एच0यू0 द्वारा आयोजित 'कोरोना वायरस एवं औद्योगिक यात्रा पर इसका प्रभाव'' विषयक सत्र में भी भाग लिया जिसमें श्री एस0पी0 उपाध्याय, आर्चीज ट्रैवेल्स, श्री आदित्य शेलट, अकबर ट्रैवेल्स एवं श्री गजानन्द जोशी, जोशी टूर्स मुख्य वक्ता थे।

- 27 फरवरी 2020: मास कम्युनिकेशन के छात्राओं ने दैनिक जागरण परिसर का दौरा किया और उनके साथ बातचीत की ।

- 18 फरवरी 2020: अंग्रेजी विभाग द्वारा चौथे छात्र कौलोकियम ''भारतीय नाटक/रंगमंच के स्थानांतरण प्रतिमान'' विषयक एक इंटर कॉलेज सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रो0 अंशुमान खन्ना ने संबद्ध महाविद्यालयों और मुख्य परिसर के अंग्रेजी स्नातकोत्तर छात्राओं को अपना वक्तव्य दिया।

- 17–19 फरवरी 2020 : जे0 कृष्णमूर्ति की 125 वीं जयंती पर के0एफ0आई0 द्वारा छात्राओं के लिए ''फर्स्ट स्टेप इज द लास्ट स्टेप'' नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

- 05 फरवरी 2020 : छात्राओं के लिए ''साक्षात्कार और रोजगार कौशल'' विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसमें प्रमुख वक्ता एम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, पुणे से थे।

- दिसम्बर 2019 : कु0 शुभांगी मिश्रा, बी0ए0 (संगीत ऑनर्स) ने संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

- 17 नवम्बर 2019 : जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ द्वारा जयपुरिया क्विज लीग 2019 का समापन किया गया। 50 प्रतिभागी टीमों में सें हमारे महाविद्यालय की 08 छात्राएँ शीर्ष पर थी।

- 06 नवम्बर 2019 : प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद द्वारा आयोजित संगीत प्रतियोगिता में कु0 शुभांगी मिश्रा, बी0ए0 तृतीय वर्ष (संगीत ऑनर्स), ने प्रथम पुरस्कार एवं कु0 रक्षा गुप्ता, बी0ए0 तृतीय वर्ष (संगीत ऑनर्स), ने द्वितीय पुरस्कार जीता।

- 21 अक्टूबर 2019: अंग्रेजी विभाग द्वारा के आई0क्यू0ए0सी0 के तत्वावधान में ''नेचर ऑन सेंटर स्टेज'' विषय पर प्रश्नोत्तरी और कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- 18 अक्टूबर 2019: ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019'' के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से छात्राओं के लिए ''सतर्कता और सामान्य जागरूकता'' विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- 16 अक्टूबर 2019: ''अर्न व्हाइल लर्न'' योजना के तहत गृह विज्ञान विभाग द्वारा करवाचौथ के अवसर पर मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी और फेट भी आयोजित किया गया।

- 27 सितम्बर 2019: विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन और पर्यटन प्रबंधन के छात्राओं ने पर्यटन विभाग, कला इतिहास विभाग, बी0एच0यू0 एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

- 21 सितम्बर 2019: ज्ञान प्रवाह द्वारा आयोजित एक प्रश्नोत्तरी धार्मिक वास्तुकला के मूल और विकास पर हमारे महाविद्यालय की ए0आई0एच0सी0 एण्ड आर्कियोलॉजी की छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 एम0एन0पी0 तिवारी एवं प्रो0 कमल गिरि ने किया।

- 16–23 सितम्बर 2019: ट्रैवल एंड टूरिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की छात्राओं के लिए सात दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री चैतन्य नागर, प्रो0 अनुराग दवे, प्रो विश्वनाथ गोकर्ण, फादर चंद्रकांत, मैत्री भवन, स्वामी वरिष्ठानंद थे।

- 26 अगस्त 2019 : एफ0एम0 रेडियो मिर्ची द्वारा छात्राओं के लिए ''टशन'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- 16–18 अगस्त 2019 : छात्राओं ने सनबीम, मुगलसराय में आयोजित उभरते युवाओं द्वारा संचालित एक मॉक पार्लियामेंट ''युवा नीति सम्मेलन'' में भाग लिया। यह एक गैर सरकारी संगठन है जोकि अल्प विकसित बच्चों के लिए काम करता है और इसका उद्देश्य मॉक संसद के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना है। इस आयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया।

- 13 अगस्त 2019 : अंग्रेजी विभाग की छात्राओं ने नोबेल पुरस्कार विजेता टोनी मॉरिसन पर एक नाटक का मंचन किया। यह नाटक मॉरिसन के जीवन पर आधारित था। इस नाटक के माध्यम से उनकी आत्मा को श्रधांजली भी दिया गया।

- 25 जुलाई 2019: अमर उजाला द्वारा आयोजित श्री मुरारी लाल माहेश्वरी स्मृति राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता ''विचार प्रवाह'' में कु0 प्रज्ञा उपाध्याय (बी0ए0 द्वितीय वर्ष इतिहास) ने द्वितीय पुरस्कार रू0 3000, कु0 अक्षिता पाण्डे (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार रू 1000 और कु0 प्रीति कुमारी (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार 1000 जीता।

- 12 अगस्त 2018: छात्राओं ने संयुक्त राष्ट्र सूचना केंद्र, नई दिल्ली, हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट और श्री राम चंद्र मिशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

## नियोजन गतिविधियाँ

प्लेसमेंट सेल द्वारा 26 सिंतबर 2019 को "व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला" विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता आई0बी0एम0 बिजनेस स्कूल में मानव संसाधन के सहायक प्रोफेसर सोनल जौहरी थी। इसी क्रम में 31 अक्टूबर 2019 को "बिल्डिंग सेक्टर में भविष्य" विषयक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, जिसमें नीट समूह, आई0सी0आई0सी0आई0 के श्री अरिन्दम एवं श्री सईजुद्दीन ने अपने विचार व्यक्त किए। स्नातक एवं परास्नातक (कला, सामाजिक विज्ञान, कामर्स एवं शिक्षा शास्त्र) छात्राओं के लिए 6–7 नवंबर 2019 को ऑनलाइन कौशल परीक्षा (youth4work) का आयोजन किया गया। अपने प्रतिभा की पहचान एवं सुधार के लिए कार्यक्रम में 1500 छात्राओं ने सफलतापूर्वक अपना पंजीकरण कराया एवं अपनी प्रतिभा को विभिन्न कसौटियों पर परखा।

## कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र

जे0 कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्री जे0 कृष्णमूर्ति पर अनुदानित भारत का एकमात्र केन्द्र है जिसका उद्देश्य कृष्णमूर्ति की शिक्षाओं को बढ़ावा देना है। इस सत्र में केन्द्र द्वारा जे0 कृष्णमूर्ति की शिक्षाओं पर सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकित छात्राओं के लिए नियमित कक्षाओं का आयोजन किया गया। महामारी के कारण लॉकडाउन में जूम प्लेटफॉर्म पर कुछ परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन भी किया गया। केन्द्र द्वारा 13–14 मई 2020 को "पुनर्जीवित मानव जीवों का उद्भव और महामारी" विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता प्रो0 चिदानन्दा एवं प्रो0 वेदपरायण थे।

## उन्नत भारत अभियान (संस्थागत सामाजिक जिम्मेदारी)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के ''उन्नत भारत अभियान'' कार्यक्रम के प्रतिभागी संस्थान के रूप में महाविद्यालय का चुनाव किया गया। जिसके तहत महाविद्यालय को रू 1,00,000 का अनुदान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा ग्रामीण भारतीयों के साथ मिलकर ग्रामीण विकास की चुनौतियों की पहचान करना एवं स्थायी विकास में तेजी लाने के लिए उपयुक्त समाधानों को विकसित करना है। इसी उद्देश्य के साथ महाविद्यालय ने कोटवॉ, सरॉय मोहाना, खालिसपुर, राजापुर एवं दीनापुर गावँ को गोद लिया तथा इन गाँवों में साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र, स्वच्छ भारत अभियान, कोरोना महामारी जागरूकता कार्यक्रम, दवाईयों एवे सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

**शैक्षणिक भ्रमण :** वर्तमान शैक्षणिक सत्र में निम्नलिखित शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

| **विभाग** | **दिनांक** | **स्थान का नाम** |
|---|---|---|
| प्रा0 भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व | 29 जनवरी–01 फरवरी 2020 | यू0जी0 एवं पी0जी0 के लिए बोधगया, बाराबर, राजगीर और नालंदा (बिहार) में एतिहासिक भ्रमण। |
| शिक्षा | 20 सितम्बर 2019 | बी0एड0 एवं एम0एड0 की छात्राओं के लिए बौद्ध दर्शन को समझने के लिए केंद्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, सारनाथ का भ्रमण |
| | 16–18 जनवरी 2020 | राजकीय बाल गृह, रामनगर का भ्रमण और सामुदायिक कार्य। |
| | 03 फरवरी 2020 | कबीर के दर्शन को समझने के लिए कबीर मठ, वाराणसी में बी0एड0 एवं एम0एड0 की छात्राओं का भ्रमण। |
| | 04 फरवरी 2020 | बी0एड0 (चतुर्थ सेमेस्टर) की छात्राओं द्वारा वाराणसी के विभिन्न घाटों एवं ऐतिहासिक स्थानों जैसे आदिकेशव घाट, ललिता घाट, पशुपति नाथ मंदिर, मनमंदिर वेधशाला, चेत सिंह किले और रानी लक्ष्मीबाई की जन्मभूमि का शैक्षणिक भ्रमण। |
| भूगोल | 18–24 अक्टूबर 2019 | यू0जी0 एवं पी0जी0 की छात्राओं द्वारा नेपाल का शैक्षणिक भ्रमण। |
| | 18–24 अक्टूबर 2019 | एम0ए0 (तृतीय सेमेस्टर) एवं बी0ए0 (पाँचवा सेमेस्टर) की छात्राओं द्वारा चुनार एवं मीरजापुर का शैक्षणिक भ्रमण। |
| | 03 फरवरी 2020 | एम0ए0 (चतुर्थ सेमेस्टर) छात्राओं के लिए भेरी गाँव, चुनार, मीरजापुर का सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण। |
| | 04 फरवरी 2020 | एम0ए0 (द्वितीय सेमेस्टर) की छात्राओं के लिए राम सिंह पुर का सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण। |
| इतिहास | 05 सितम्बर 2019 | गेबिंद बल्लभ पंत संस्थान, झुसी, इलाहाबाद में एम0ए0 (प्रथम वर्ष) और बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) की छात्राओं के लिए शैक्षिक यात्रा का आयोजन। छात्राओं ने मानव विकास संग्रहालय और पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण। |
| | 22 फरवरी 2020 | छात्राओं के लिए भारत कला भवन, बी0एच0यू0 और मैन महल वर्चुअल प्रायोगिक संग्रहालय का दौरा। |
| | 01 मार्च 2020 | गवर्नर–जनरल वारेन हेस्टिंग्स और बनारस के राजा यादव चैत सिंह की प्रारंभिक औपनिवेशिक वर्षों और ऐतिहासिक समृतियों को याद करने के लिए बी0ए0 एवं एम0ए0 की छात्राओं के द्वारा शूलटंकेश्वर मंदिर, चुनार का किला, मुगल मकबरा, दुर्गा खो मंदिर, श्वेतेशगढ़ आश्रम और सिद्धनाथ की दरी का शैक्षणिक भ्रमण। इसके अतिरिक्त चुनार किले का सामरिक महत्व एवं वाराणसी के क्षेत्रिय इतिहास के महत्व को भी समझा गया। |
| गृह विज्ञान | 20 फरवरी 2019 | एम0ए0 की छात्राओं के लिए भूनिर्माण और उद्यमिता छोटे व्यवसाय के बारे में सारनाथ का दौरा किया गया। |
| | 13 दिसम्बर 2019 | एम0ए0 की छात्राओं के लिए एवं हाउस प्लानिंग योजना के लिए सारनाथ का दौरा एवं बुद्ध की ऊँचाई एवं कक्षा का अध्ययन। |
| दर्शनशास्त्र | 18 फरवरी 2019 | कृष्णमूर्ति स्टडी सेंटर, राजघाट, वाराणसी में प्रदर्शनी का दौरा किया गया। जिसमें ''पहला कदम अंतिम चरण'' है एवं कृष्णमूति की आवाज, अध्ययन, जीवन और शिक्षाओं का अध्ययन। |
| राजनीति विज्ञान | 05 सितम्बर 2019 | गेविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाादद में राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण। |
| मनोविज्ञान | 04 फरवरी 2020 | छात्राओं के लिए भारतीय उद्योग कालीन प्रौद्योगिकी, भदोही की यात्रा। |
| | 06 मार्च 2020 | छात्राओं के लिए किरन सोसायटी (आशा की एक किरण में जीवन) का दौरा। |

**शिक्षकों की गतिविधियाँ/उपलब्धियाँ**

- प्राचार्या डा0 अलका सिंह को *एशियन–अफ्रीकन एसोसिएशन फॉर विमेन, जेण्डर एंड सेक्चुएलिटी, श्री लंका* द्वारा कार्यकारी समिति का सदस्य एवं *वर्ल्ड विमेन कांग्रेस 2019* के सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया।

- डा0 संजय वर्मा ने 19–20 अक्टूबर 2019 को ऋषिकेश, उत्तराखंड, 4 जनवरी 2020 को वापी, गुजरात एवं 8 फरवरी 2020 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पूर्व आचार्य संगीत समारोह, 15 अगस्त 2019 को चितरंग संगीत कला शोध संस्थान, वाराणसी में अपना प्रस्तुतीकरण दिया। साथ ही आपने 20 फरवरी 2020 को अंतर्राष्ट्रीय ध्रुपद संगीत समारोह, तुलसी घाट, वाराणसी, एवं 25 जनवरी 2020 को लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में प्रस्तुति दी।

- डा0 प्रीती सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग ने सेंटर फॉर ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम के एम0ए0 समाजशास्त्र की स्व–शिक्षण पाठ्य सामग्री का संपादन किया। आपने इस पाठ्य सामग्री के MSO-202 राजनीतिक समाशास्त्र (ईकाई 01–08) पाठ्यक्रम को विकसित किया।

- डा0 वेद प्रकाश रावत को राष्ट्रीय सेवा योजना, बीएचयू द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया। कोविड 19 के दौरान स्वास्थ्य मनोविज्ञान के भारतीय अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आपको मानसिक स्वास्थय परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य सम्पर्क अधिकारी प्रो0 अंशुमाली एवं क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार (राष्ट्रीय सेवा योजना) डा0 अशोक श्रोती द्वारा कोविड 19 के दौरान ''राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता'' के रूप में नियुक्त किया गया है।

- डा0 मोहम्मद अख्तर को उनकी पुस्तक ''राजेन्द्र सिंह बेदी का अफसानाः इन्तिखाब और मुतालियत'' के लिए उत्तर प्रदेश उर्दू ऐकेडमी अवाई 2019 से सम्मानित किया गया।

- डा0 रिचा सिंह ने ''हँसी के कारण क्यों मस्तिष्क एवं हदय स्वस्थ रहते है'' विषय पर (20 जनवरी 2020) आकाशवाणी रेडियों पर व्याख्यान दिया।

- डा0 रचना पाण्डे को ''कार्य, कला एवं समाज में कलाकार'' विषयक शोध पत्र के लिए बैंगलोर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला ''फ्यूचर ऑफ विमेन 20'' में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए सम्मानित किया गया।

- डा0 सुनीता आर्या ने ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, ग्वालियर द्वारा आयोजित असिस्टेंट एन0सी0सी0 ऑफिसर (ANO) का त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लेफ्टिनेंट रैंक प्राप्त किया।

- डा0 सुभाष मीणा ने अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका ''जर्नल ऑफ एजुकेशन, सोसाइटी एंड बिहेवियरल साइंस'' की समीक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

## वसंत आश्रम छात्रावास

वसंत आश्रम की छात्राओं ने पूरे सत्र उत्साह के साथ सभी सहपाठ्य एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया जिसमें फ्रेशर पार्टी, जनमाष्टमी, सरस्वती पूजा और विदाई समारोह इत्यादि सम्मिलित है। सभी गतिविधियाँ नव नियुक्त प्रबंधको के नेतृत्व में आयोजित की गयी। नवागन्तुको के स्वागत के लिए वरिष्ठ छात्राओं द्वारा फ्रेशर पाटी (14 सितम्बर 2020), के साथ ही जनमाष्टमी (23 अक्टूबर 2019),एवं सरस्वती पूजा (30 जनवरी 2020) का भी आयोजन किया गया। छात्राओं के मनोरंजन हेतु नागरी नाटक मंडली, कबीरचौरा द्वारा आयोजित ''गाँधी ने कहा था'' नाटक एवं मिशन मंगल फिल्म दिखलाया गया। छात्रावास परिसर में छात्राओं को नियमित अंतराल पर फिल्म एवं समाचार देखने की अनुमति दी गयी। अगस्त–सितंबर 2019 के दौरान छात्रावास प्रबंधन द्वारा योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई छात्राओं ने ताइक्वांडो में पीला एवं हरा बेल्ट प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी)

इस सत्र में एनसीसी में कुल 150 छात्राएँ पंजीकृत हुई जिनमें से 70 से अधिक छात्राओं का चयन किया गया। एनसीसी गतिविधियों के तहत छात्राओं ने ड्रिल अभ्यास, अस्त्र अभ्यास, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व व सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास में प्रशिक्षण प्राप्त किया। कैडेटों ने 28 यूपी गर्ल्स बटालियन, बीएचयू द्वारा आयोजित वार्षिक शिविर में भाग लिया। शिविर के दौरान उन्होंने सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम जैसे प्रदूषण और इसके हानिकारक प्रभाव, यातायात संकेत इत्यादि में भाग लिया। इसके अतिरिक्त कैडेटों ने सराय मोहाना गाँव में स्वच्छ भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीण स्वच्छता एवं प्लास्टिक थैलियों के हानिकारक प्रभाव के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। डा0 सुनीता आर्या ने अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, ग्वालियर में 16 दिसम्बर 2019 से 14 मार्च 2020 तक एएनओ (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर) प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने अल्फा ग्रेडिंग के साथ सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम पूरा कर लेफिटनेंट रैंक प्राप्त किया।

## शारीरिक रूप से विकलांग छात्राओं हेतु सुविधा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार शारीरिक रूप से विकलांग छात्राओं के लिए महाविद्यालय द्वारा व्हील चेयर, रैम्प एवं लिफ्ट स्थापना की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में विकलांग छात्राओं हेतु विशेष शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है व भूतल में उनकी कक्षाओं का प्रबंधन किया जाता है।

## गाइडेंस एवं काउसलिंग सेल

इस सत्र में लगभग 50 से अधिक पंजीकृत छात्राओं के लिए 150 से अधिक सत्रों का आयोजन किया गया। सत्र मुख्य रूप से भावनात्मक स्वास्थ्य, सामाजिक कौशल, कैरियर मार्गदर्शन, व्यवहार संशोधन, परिवार समायोजन, सामाजिक समायोजन एवं संबंधित मुद्दों एवं प्रतिदिन के सामान्य तनाव पर केन्द्रित था। 10 अक्टूबर 2019 को मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गाइडेंस एवं काउसलिंग सेल द्वारा मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से आत्महत्या रोकथाम विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गृह विज्ञान विभाग के सहयोग से छात्राओं हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

## कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

16 जुलाई 2019 को महाविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाराणसी के समयोग से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत गंगा नदी के किनारे मिट्टी के कटाव को रोकन के लिए बड़ी संख्या में अर्जुन के पेड़ लगाए गए एवं पैदल चलने वालो के लिए मार्ग बनाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं आई0ए0एस0 श्रीमती रेणुका कुमार थी। महाविद्यालय ने इसके लिए 1.35 लाख रूपये का अनुदान प्राप्त किया।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का पुस्तकालय पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत एवं बारकोड सुविधा से सम्पन्न है। किताबों का आवंटन एवं वापसी बारकोड स्कैनर के माध्यम से होता है। पुस्तकालय में छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए ओपेक (Online Public Access Catalogue) सुविधा उपलब्ध है जिसके माध्यम से डाटाबेस प्राप्त किया जा सकता है। पुस्तकालय के पास काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के (बी.ए., बी.कॉम, बी. एड., एम.ए. एवं एम.एड.) सभी छात्राओं हेतु डिजिटलीकृत पुराने प्रश्न–पत्रों का संकलन है। शिक्षकों ने अपने प्रकाशित पुस्तकों की एक प्रति संस्थागत भंडारण हेतु पुस्तकालय को दान दिया है। पुस्तकालय का ज्ञान केन्द्र (नॉलेज सेण्टर) 41 कम्प्यूटर, 2 वाईमैक्स कनेक्शन तथा 2 एम.बी.पी.एस. गति का इन्टरनेट एवं 3 प्रिन्टरों की सुविधा से समृद्ध है। शिक्षकों एवं शोध छात्राओं हेतु 7 कम्प्यूटर एवं इण्टरनेट की अलग व्यवस्था है। 31 मार्च 2019 में पुस्तकालय के पास 44,362 पुस्तकों का संकलन है। पुस्तकालय में एक पिरियोडिकल खण्ड है जिसमें 42 शोध पत्रिकाओं, 11 पत्रिकाओं एवं 11 समाचार–पत्रों का संकलन है। पाठ्य पुस्तक एवं सन्दर्भ पुस्तक खण्ड, पाठकों को उनके शिक्षण सम्बन्धी कार्यों हेतु आवश्यक पुस्तकें प्रदान करता है। पुस्तकालय में शिक्षकों एवं छात्राओं हेतु छायाप्रति खण्ड भी है। पुस्तकालय ने इन्फ्बिनेट की एनलिस्ट सुविधा ली है जिसके अन्तर्गत छः हजार से अधिक ई–शोध पत्रिकाओं एवं 31,35,000 से अधिक ई–पुस्तकों तक ऑनलाइन पहुँचा जा सकता है। पुस्तकालय, भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय में पंजीकृत है जिसके अन्तर्गत एकल विण्डो खोज सुविधा एवं वन स्टॉप शॉप से सभी डिजिटल संसाधनों की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

## फेलोशिप / छात्रवृत्ति

इस सत्र में निम्नलिखित शोध छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा फेलोशिप प्राप्त किया–

| क्रम सं0 | शोधकर्ता का नाम | विषय | फैलोशिप विवरण | वित्तीय संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंजली वर्मा | मनोविज्ञान | डॉक्टोरल फैलोशिप | भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली |
| 2 | अनिता गुप्ता | हिन्दी | जूनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 3 | पवन कुमार यादव | अर्थशास्त्र | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 4 | लतेश कुमारी | हिन्दी | जूनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |

महाविद्यालय अपने संसाधनों / दान से प्राप्त धनराशि से जरूरतमंद मेधावी छात्राओं (स्नातक एवं परास्नातक) को छात्रवृत्ति प्रदान किया जिसका विवरण निम्न हैं –

| क्र0 सं0 | छात्रवृत्ति का नाम | धनराशि | छात्रवृत्ति संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अच्युत पटवर्धन छात्रवृत्ति | 1000 / –प्रत्येक | 55 |
| 2 | प्रेमा श्रीनिवासन छात्रवृत्ति | 5000 / – प्रत्येक | 06 |
| 3 | बी0एड0 मेधावी छात्रा छात्रवृत्ति | 2600 / – प्रत्येक | 02 |
| 4 | वसंत महिला महाविद्यालय छात्रवृत्ति | 5000 / – प्रत्येक | 34 |
| 5 | डॉ0 आशा रानी / डॉ0 सरोज बागेश्वर छात्रवृत्ति (बी0एड0 एवं एम0एड0 की मेधावी छात्रा हेतु) | 5000 / – प्रत्येक | 02 |
| 6 | प्रकाश नारायण शुक्ला एवं माधुरी शुक्ला छात्रवृत्ति (अंग्रेजी की छात्राओ के लिए) | 5000 / – प्रत्येक | 03 |
| 7 | दर साहब छात्रवृत्ति | 500 / – प्रत्येक | 02 |
| 8 | रॉय चौधरी छात्रवृत्ति | 500 / – प्रत्येक | 01 |
| 9 | गिरी छात्रवृत्ति | 500 / – प्रत्येक | 01 |

## महिला विकास प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में महिला कर्मचारियों एवं छात्रों के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण) विनियम 2015 के खंड 3.2 (15) के तहत लिंग आधारित हिंसा, उत्पीड़न के कारणों एवं चिंताओ को दूर करने के लिए इस सत्र में महाविद्यालय द्वारा महिला विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है।

## खेल गतिविधियाँ

छात्राओं ने वर्षपर्यन्त ऊर्जा, उत्साह और खेलभावना के साथ खेल से जुडी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्राओं ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं अन्य निकायों द्वारा आयोजित एथलेटिक्स, तैराकी, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल आदि अंतर–सकाय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और चयनित/सम्मानित हुए।

| नाम/कक्षा | आयोजन का नाम | राज्य/राष्ट्रीय/अंर्तराष्ट्रीय | अवधि | सम्मान |
|---|---|---|---|---|
| **हर्षिता जायसवाल**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | चौथा एशियाई योग चैंपियनशिप, थाईलैण्ड | अंर्तराष्ट्रीय | 02 नवम्बर 2019 | द्वितीय पुरस्कार |
| **हर्षिता जायसवाल**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | एशिया पेसिफिक क्षेत्रीय योग चैंपियनशीप, थाईलैण्ड | अंर्तराष्ट्रीय | 02 नवम्बर 2019 | द्वितीय पुरस्कार |
| **हर्षिता जायसवाल**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | एशिया ग्लोबल कप योगा चैंपियनशीप, थाईलैण्ड | अंर्तराष्ट्रीय | 03 नवम्बर 2019 | प्रथम पुरस्कार |
| **हर्षिता जायसवाल**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | राष्ट्रीय योगा चैम्पियनशिप, इन्दौर | राष्ट्रीय | 19–21 सितम्बर 2019 | प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर एशियन योगा चैम्पियनशिप 2019 के लिए चयन। |
| **हर्षिता जायसवाल**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | पांचवाँ ऑल इंडिया योगा चैम्पियनशिप, उज्जैन (म0प्र0) | राष्ट्रीय | 18–19 जनवरी 2020 | प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर पाँचवे एशियन योगा चैम्पियनशिप 2020 के लिए चयन। |
| **हर्षिता जायसवाल**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | उत्तर प्रदेश राज्य योगा चैम्पियनशिप, वाराणसी | राज्य स्तरीय | 11–12 अगस्त 2019 | प्रथम पुरस्कार |
| **आशिसा कुजूर**<br>बी0ए0 (द्वितीय वर्ष)<br><br>**किन्जा अब्बास**<br>बी0ए0 (प्रथम वर्ष) | आर्यमहिला पी0जी0 कालेज, वाराणसी में आयोजित उत्तर प्रदेश ओपेन राज्य बास्केटबॉल चैपियनशिप सेलेक्शन ट्रॉयल | राज्य स्तरीय | 11–12 फरवरी 2020 | तृतीय पुरस्कार |

वार्षिक खेल दिवस (19 फरवरी 2020) पर छात्राओं ने योग, पिरामिड गठन, ड्रिल और ताइक्वांडो आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक और प्रमाण पत्र प्रदान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो0 भुवन चन्द्र कपारी, सचिव, खेल, स्पोर्टस बोर्ड, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं प्रो0 पंकज अरोड़ा, दिल्ली विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में 100 से ज्यादा छात्राओं ने 13 खेलों में भाग लेकर 30 स्वर्ण पदक, 30 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक प्राप्त किया।

## पिटारा

पिटारा क्लब उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है। इस क्लब ने अन्य लोगों को इस मंच से जोड़ने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से संगीत, नृत्य, कविता पाठ, विडियो, तस्वीरें एवं कलात्मक वस्तुओं के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करता है जो अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहते है। इस मंच द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस पर ऑनलाइन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें देश एवं विदेश से छात्रों एवं पेशेवरों ने भाग लिया और अपनी तस्वीरें साझा की। कोविड महामारी के दौरान क्लब द्वारा विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों जैसे मासिक धर्म स्वच्छता एवं क्वारंटीन के दौरान खुद को व्यस्त रखने के तरीकों के विषय पर चर्चा की।

## पुरातन छात्र संघ

पुरातन छात्र सम्मेलन 29 जनवरी 2019 को आयोजित हुआ जिसमें लगभग 330 सदस्यों ने भाग लिया। पुरातन छात्र संघ ने अपनी वरिष्ठतम् सदस्यों जैसे डा0 आभा अग्रवाल, सेवानिवृत शिक्षक, बेसेन्ट थियोसॉफिकल सोसाइटी, वाराणसी, डा0 शिवानी शुक्ला, सहायक आचार्य, अग्रसेन पीजी कॉलेज, सुश्री प्रेमा अग्रवाल, व्यवसायी, सुश्री शालिनी श्रीवास्तव, गृहणी और श्री राजेश्वर प्रसाद मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष, संगीत गायन विभाग, वसन्त महिला महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के अन्य सेवानिवृत्त छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। पुरातन छात्र संघ द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं डिस्पोजल मशीन (रू 65000), कार्यालय में दो एयर कंडीशन (रू0 68900) और काशी कुष्ठ सेवा आश्रम, आशापुर, वाराणसी में दवाइयों (रू 15000) का वितरण किया गया।